हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

11 अपने बैंक एकाउंट की गोपनीय जानकारी...




12 ठंड के मौसम में हरी सब्जियों का बाजार गर्म





## खबर संक्षेप




### धान उठाव में तेजी लाने की मांग

पुरी। सहकारी समिति के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। धमतरी जिले की 74 सहकारी समितियों के 100 उपार्जन केन्द्रों द्वारा धान उपार्जित कर स्टेक लगाकर रखा गया है। संग्रहण केंद्रों में धीमी गति से धान का परिवहन होने के कारण धान सूखने से समितियों को आर्थिक क्षति होने की आशंका है। उन्होंने जिला प्रशासन से धान उठाव में तेजी लाने का निवेदन किया।

### नागदेव मंदिर में शिव महापुराण 2 दिसंबर से

धमतरी। श्री नागदेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ के लिए प्रचार-प्रसार अभियान शुरु हो गया है।



समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, अशोक पटेल ने बताया कि नाग मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संकल्प को लेकर मंदिर समिति द्वारा 2 से 8 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### नगरी में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 6 को

नगरी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 6 दिसम्बर को श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के खेल मैदान में होगा। इस सबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रतिभागियों को आधारकार्ड, बैंक पासबुक, 2 पासपोर्ट फोटो एवं जाति, निवास की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित कराने सचिव ग्राम पंचायत को जनपद पंचायत नगरी द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है। पंजीयन की अंतिम तारीख 30 नवम्बर है। तैयारी में खेमराज साहू व्यायाम शिक्षक जुटे हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका पद के लिए आवेदन 3 तक

धमतरी। एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के ग्राम पंचायत कोरगांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र तेन्दूभाठा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 3 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।

### लोक कला महोत्सव के लिए 27 तक प्रविष्टियां मंगाई गई

धमतरी। गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 आयोजन के लिए 27 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दलों, समूहों को प्रस्तुत प्रविष्टियों के साथ ही अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारम्परिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए गए हैं, तो इसका विवरण प्रस्तुत करना होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 27 नवम्बर की शाम 5 बजे तक दल, समूह कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

### कर्मचारियों को वेतन देने लायक भी नहीं होती है आय

# सफेद हाथी साबित हो रहा है गंगरेल का मचान हट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अलग खबर

प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बनाया गया वन विभाग का मचानहट और नेचुरल ट्रेल सफेद हाथी साबित हो रहा है। यहां जाने का करीब एक किमी का कच्चा रास्ता इतना खराब है कि पर्यटक आधे रास्ते से वापस लौट रहे हैं। मचान हट के लिए चार कर्मचारी नियुक्त है लेकिन बुकिंग के अभाव में कर्मचारियों को वेतन देने लायक पैसा वसूल नहीं हो पा रहा है।

गंगरेल बांध के तट पर जंगल और पहाड़ियों के बीच लाखों रूपए की लागत से वन विभाग ने मचान हट बनाया है। 12 फीट ऊंचा कालम खड़ा कर बनाये गये 4 मचानहट में पर्यटकों के ठहरने के लिए तमाम सुविधाएं हैं लेकिन यहां गिनती के पर्यटक ही ठहरते हैं, जिसमें से अधिकांश अधिकारी वर्ग के ही होते हैं। मचान हट में ठहरने के लिए 24 घंटे का किराया 2500 रुपए है। महीने में 4 से 5 बुकिंग हो जाए तो बहुत है। यहां चार कर्मचारी की नियुक्ति है। दिन में एक कुक और एक कम्प्यूटर आपरेटर तथा रात में दो कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है। मेंटनेंस की तो छोड़िये यहां की आय इतनी कम है कि कर्मचारियों का वेतन नहीं निकल पा रहा है।a

#### मचान हट जाने का रास्ता खतरनाक

मानव वन गार्डन के पास से मचान हट जाने का रास्ता बनाया गया है। कच्चे रास्ते में ढलान और मोड़ है। बारिश में रास्ते का कटाव होने से यह खतरनाक हो गया है। मचान हट से वापस लौट रहे पर्यटक रामसिंग साहू, अशोक नामदार ने बताया कि वे मचान हट और नेचुरल ट्रेल घूमने जा रहे थे। रास्ता इतना खराब है कि बाइक फिसलकर गिर गई। उन्होंने आगे जाने की हिम्मत नहीं हुई और आधे रास्ते से लौट गए।





#### नाम का नेचुरल ट्रेल

मचान हट से जंगल की ओर 6 किमी लंबा नेचुरल ट्रेल बनाया गया है। जंगल की इस पगडंडी में मौजूद पेड़ पौधों के बारे में जानकारी चस्पा की गई है। रास्ते के पत्थरों में विभिन्न पक्षियों और जंगली जानवरों का चित्र बनाया गया है। लोगों में नेचुरल ट्रेल के प्रति दिलचस्पी नहीं है। सुनसान और जंगल का रास्ता होने के कारण इसमें चलने से लोग डरते हैं। 6 किमी लंबी पगडंडी में सुरक्षा की कोई सुविधा नहीं है।

#### रास्ता दुरूस्त करेंगे

मचान हट का रास्ता बारिश के कारण खराब हो गया है। इसमें मुरूम फिलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि मचान हट में कैंप बनाया जाएगा जिसमें ड्राइवरों के रुकने की सुविधा रहेगी। मचान हट में ठहरने वाले पर्यटक अपनी फैमिली के साथ तो कमरे में चले जाते हैं लेकिन ड्राइवरों को रात बिताने के लिए तकलीफ होती है। उन्होंने बताया कि नेचुरल ट्रेल में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी।

- राकेश तिवारी, *डिप्टीरेंजर*

---

# धूल के गुबार से जीना हुआ मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धूल से मुक्ति पाने सिहावा रोड को ड्रेन टू ड्रेन सड़क बनाने की मांग उठी

शहर के सबसे व्यस्ततम रोड सिहावा मार्ग में इन दिनों 24 घंटे सातों दिन वाहनों के आवागमन से धूल भरी आंधियां उड़ रही हैं। मार्ग रिपेयर के बाद भी लोगों को धूल से मुक्ति नहीं मिल रही है। सिहावा रोड के रहवासियों ने धूल से मुक्ति दिलाने शासन-प्रशासन से डामरीकरण कराने के बाद ड्रेन टू ड्रेन सड़क बनाने की मांग की है।

सिहावा रोड के नागरिक मनोज साहू, कोमल साहू, मनोज कौशिक, प्रकाश साहू, हिरेन्द्र ओझा, मुकेश साहू, नोहर साहू, संतु साहू, अश्वनी मानिकपुरी ने बताया कि सिहावा मार्ग का एक अर्से से कायाकल्प नहीं हुआ है। मार्ग को बनाने शासन-प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कभी ध्यान नहीं दिया। बारिश में रोड उखड़ने और गड्ढे हो जाने के कारण मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है। सूखे के मौसम में धूल भरी आंधियां उठती हैं।

समय-समय पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रिपेयरिंग की जाती है। इससे कुछ राहत तो मिलती तो है लेकिन यह रिपेयरिंग नाकाफी है। इस मार्ग में 24 घंटे सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। कमजोर रोड के कारण मार्ग जल्द खराब हो जाता है। मार्ग की व्यस्तता को देखते हुए इसे मजबूती से बनाना चाहिए। 6 इंच तक डामरीकरण करने के बाद सड़क के फुटपाथ तक ड्रेन टू ड्रेन सड़क बनानी चाहिए ताकि रोड किनारे चलने वाले वाहनों से लोग धूल से महफूज हो सके।

धूल के कारण दुकानदार, रहवासी, यात्री सभी परेशान हैं। दिन में कई दफा सफाई करनी पड़ती है। दुकान, घर के सभी सामान धूल से सने रहते हैं। शरीर में लगने से धूल बीमारी का रूप धारण कर रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि सिहावा चौक से अछोटा तक रोड का कायाकल्प किया जाए।

# सूने मकान से ज्वेलरी सहित नकदी की चोरी

### अधारी नवागांव व खरतुली में हुई वारदात, खेत व शादी में गया था परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी की ज्वेलरी सहित नकदी की चोरी कर फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद अख्तर खान पिता मोहम्मद अफजल ग्राम कांटाकुर्रीडीह कुकरेल निवासी वर्तमान में अधारी नवागांव के गंगा तालाब के पास रहता है। 21 नवम्बर की दोपहर मो. अख्तर घर में ताला लगाकर परिवार सहित शादी में शामिल होने ग्राम कुर्रीडीह गया था। 23 नवम्बर को पड़ोसी ने फोन करके घर का दरवाजा खुला रहने की जानकारी दी। सूचना पर घर आकर देखा तो कमरे में रखी आलमारी टूटी पड़ी थी। लॉकर से सोने का दो पत्ती माला व नकदी 40 हजार कुल 50 हजार की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। पीड़ति की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

चोरी की अन्य घटना बीते दिनों ग्राम खरतुली में हुई है। योगेश्वर साहू पिता मोहन उम्र 26 वर्ष ग्राम खरतुली थाना अर्जुनी निवासी व उसकी पत्नी 20 नवम्बर की दोपहर घर में ताला लाकर खेल चले गए। बच्चे स्कूल गए थे। सोमवार को माता-पिता भी दूसरे खेत में धान की कटाई करने गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर कमरे में रखे संदूक से एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने का खिनवा, 2 नग पत्ती, बच्चे के सोने की माला, दो नग चांदी का लॉकेट, एक नग पावर बैंक व नकदी 600 रूपये सहित कुल 20 हजार की चोरी कर ली है। घर आने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ति की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में जिले के 1081 अभ्यर्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी रोकने सीसीटीवी कैमरे से हो रही निगरानी



पुलिस लाइन रूद्री में चल रही आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा में धमतरी जिले के 2000 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें से 1081 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा के 9वें दिन रविवार को 1081 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की छानबीन, परीक्षण एवं नापजोख की गई जिसमें 140 अभ्यर्थी अपात्र पाए गए। 941 अभ्यर्थी पात्र मिले। पात्र अभ्यर्थियों की 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित शारीरिक दक्षता की परीक्षा ली गई। सोमवार को भी धमतरी जिले के 2000 अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा में बुलाया गया है। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच व नापजोख सहित शारीरिक दक्षता की परीक्षा ली जायेगी। कुछ अपात्र तथा कुछ अभ्यर्थी के दस्तावेजों में खामियां पाई गई है। उन अभ्यर्थियों द्वारा दावा आपत्ति की जा रही है जिनका एसपी व भर्ती कमेटी द्वारा लगातार निराकरण किया जा रहा है। वहीं भर्ती प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए चिप सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे सहित एसपी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

#### एसपी ने की अभ्यर्थियों से अपील

आरक्षक भर्ती को लेकर एसपी द्वारा अभ्यर्थियों से लगातार अपील की जा रही है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। भर्ती कराने के नाम किसी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग की जाती है तो इसकी सूचना तत्काल धमतरी पुलिस को दें। उन पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। अभ्यर्थी किसी के झांसे में न आएं।

# आरक्षक को चाकू मारकर पैसे लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से एक स्कूटी, लूट की रकम 200 रुपए व 2 चाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



कर्राघाटी मोड़ के पास आरक्षक को चाकू मारकर पैसे लूटने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके विरुद्ध धारा 118 (1), 309 (6) बीएनएस एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि गैंदराम मरकाम पिता सदाराम मरकाम उम्र 40 वर्ष साकिन दाबगांव थाना नगरी एसडीओपी कार्यालय नगरी में डीएसएफ आरक्षक के पद पर कार्यरत है। अपनी डयूटी कर शनिवार की शाम 5:30 बजे अपने गांव दाबगांव जा रहा था। ग्राम कर्राघाटी चमेदा तिराहा के पास तीन अज्ञात आरोपियों ने आरक्षक की मोटरसाइकल रोककर चाबी निकाली। एक आरोपी ने गैंदराम की गर्दन के पास चाकू टिकाकर 200 रूपए लूट लिया एवं एक आरोपी ने उसके कूल्हे पर चाकू से वार कर चोट पहुंचाई। एक आरोपी ने उससे मारपीट की। प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट नगरी थाना में दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में जुट गई।

मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने धीरज बिसेन पिता स्व. नंदकुमार बिसेन उम्र 22 वर्ष साकिन नगरी, हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान पिता अंजोर सिह उम्र 21 वर्ष साकिन नगरी, ज्ञानेन्द्र नेताम पिता कचरू राम उम्र 22 वर्ष साकिन नगरी जिला धमतरी (छग) को गिरफ्तार किया। इस घटना में प्रयुक्त काले रंग की एक स्कूटी, लूट की रकम 200 रूपए व घटना में प्रयुक्त 2 नग चाकू को जब्त किया गया। प्रार्थी से आरोपियों की कार्यपालिका दण्डाधिकारी के समक्ष पहचान कराई गई। तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 118(1),309 (6) बीएनएस व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नगरी निरीक्षक शरद ताम्रकार, सहायक उपनिरीक्षक श्रीराम पटेल, तानसिंह साहू प्रधान आरक्षक ईशुकुमार साहू, जीवन ध्रुव, संपत संभाकर, आरक्षक योगेश कुमार साहू, धर्मेन्द्र बघेल, योगेन्द्र साहू, झमेल राजपूत, मेघराज साहू, कल्याण नेताम, महाबली सलाम, केशव पटेल, दुर्गेश ध्रुव का योगदान रहा।

# न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं



धमतरी। जिले का न्यूनतम तापमान यथावत रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आंशिक बादल रहने की स्थिति है। मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है जिसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी ऊपर है। यह अक्षांश 32 एन के उत्तर में देशांतर 68 ई. के साथ बनी हुआ है। आगामी पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम शुष्क रहेगा। जिले में अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।

- अधिकतम तापमान 28 तथा न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास रहेगा

---

### नागरिकों ने प्रशासन से नया पुल बनाने की मांग की

# कोलियारी के जर्जर पुल पर हो रहा जोखिम भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महानदी मुख्य नहर पर कोलियारी के पास बनाया गया पुल अत्यंत जर्जर हो गया है। कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। नागरिकों ने ऐहतियात के तौर पर जिला प्रशासन से नया पुल बनाने की मांग की है।

शहर के समीप ग्राम कोलियारी के पास मुख्य नहर में बनाया गया पुल भारी वाहनों की आवागमन के चलते जर्जर हो गया है। वाहनों के चलने से पुल हिलने लगता है। पुल पर बने मार्ग के कांक्रीट उखड़ गए हैं। सीमेंट के उखड़ने से लोहे का एंगल दिख रहा है। मालवाहक वाहनों के आवागमन से पुल की लाइफ समय से पहले एक्सपायर हो चुकी है। भारी वाहनों के दबाव से यह पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है। इससे बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। कोलियारी पुल एकमात्र ऐसा पुल है जो धमतरी मुख्यालय को नगरी सिहावा, बोराई, उड़ीसा से जोड़ता है। नागरिकों का कहना है कि समय रहते पुल के साइड में नया पुल बनाया जाए। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर 24 घंटे हजारों वाहनों की आवाजाही होती है। धमतरी से होकर मालवाहक वाहन नगरी, सिहावा, कांकेर, जगदलपुर, उड़ीसा जाते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में दर्जनों रेत खदान होने से 400 से अधिक हाइवा और ट्रेक्टर इस पुल से गुजरते हैं। पुल की रेलिंग भी टूटी है जिसकी मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की गई।

पुल में बारिश में 4 माह तक पानी भी भरा रहता है। धूल, मिट्टी, पानी और दलदली की वजह से पुल पूरी तरह खराब हो गया है। यह पुल 40 साल पहले बनाया गया था। इस पुल से उच्चाधिकारी व जनप्रतिनिधियों का भी आना-जाना होता है लेकिन किसी का ध्यान इस जर्जर पुल की तरफ नहीं जाना आश्चर्य की बात है। नागरिकों ने प्रशासन से नए पुल की मांग की है।

# परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि आज

कुरूद। महाविद्यालय के बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के वे पंजीकृत स्वाध्यायी छात्र जो सत्र 2024-25 में स्वाध्यायी छात्र के रूप में इस केन्द्र में परीक्षा में सम्मिलित होने विश्वविद्यालय के पोर्टल में अपना पंजीयन करवाये हैं और महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने विषय का चयन नहीं किये हैं, वे 25 नवंबर तक अपने विषय का चयन कर परीक्षा फार्म भर लें। उक्त तिथि के पश्चात ऑनलाइन प्रोसेस नहीं होने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर जिम्मेदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## अंचल की खबरें

### ग्रामीणों के घर में घुस रहा पानी



**बगदेही।** ग्राम कन्हारपुरी में स्कूल के पास नल जल योजना अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन फूट गई है। पानी ग्रामीणों के घर में घुस रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ओर पंचायत प्रतिनिधि नहीं ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस पर हुई निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता



**नगरी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास में धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर जनजातीय गौरव सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बिरसा मुंडा की जीवन शैली व उनके क्रांतिकारी संघर्ष पर निबंध, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता रखी गई। जनजाति वर्ग के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि प्रभारी मंत्री आशाराम वट्टी, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन साक्षी, हरक मंडावी संकुल समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

### शिविर में जोड़े जा रहे नए मतदाताओं के नाम




**मगरलोड।** यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में स्वीप प्रभारी डॉ. यशोदा साहू द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के तहत 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले या इससे अधिक उम्र वाले जिन छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य महाविद्यालय में शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। डॉ. यशोदा साहू द्वारा निरंतर कैंपस एंबेसेडर के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

कन्हारपुरी में कृषक सूचना केंद्र का शुभारंभ, कृषकों को फसल उत्पादन, कीट व्याधि प्रबंधन की दी जानकारी

# छात्रों ने कृषि तकनीक मॉडल का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद में बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र- छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव अंतर्गत ग्राम कन्हारपुरी में कृषक सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मॉडल के माध्यम से कृषि तकनीकों की प्रदर्शनी कृषकों के समक्ष की गई। गांव के किसानों को अतिरिक्त आय वाली गतिविधियों से जोड़ने के दृष्टिकोण से सब्जी




उत्पादन एवं अन्य कार्य महिलाओं द्वारा कराया जा रहा है।

शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीएल जॉनसन ने विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान का महत्व एवं कृषकों को रावे कार्यक्रम तथा कृषि में सही समय पर सही सूचना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कृषकों को फसल उत्पादन, कीट व्याधि प्रबंधन, सब्जी उत्पादन सहित अन्य कृषिगत विषयों के संबंध में जानकारी दी।

डॉ. जॉनसन ने कहा कि अंचल में कृषि महाविद्यालय की स्थापना यहां के कृषि विकास के लिए हुई है। डॉ आर के महोबिया सहायक प्रध्यापक ने कृषकों को ड्रीप सिंचाई विधि की जानकारी दी। कम पानी में हम इस विधि को अपनाकर खेती करें। परम्परागत कृषि की नई तकनीकों के बारे में बताया। सरपंच श्रीमती पार्वती सिन्हा ने विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न तकनीकी कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में डॉ. अमीन कुरैशी सहायक प्रध्यापक ने किसानों को कृषि एवं विद्यार्थियों को रावे से जुड़ी जानकारी प्रदान की। मौके पर इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद के अधिष्ठाता डॉ पीएल जॉनसन के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ अमीन कुरैशी, डॉ. आरके महोबिया एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. युवराज ध्रुव एवं विद्यालय के सभी प्रोफेसर उपस्थित थे।

## मानस शक्ति केंद्र की सार्थकता भक्ति केंद्र में है : दीपक



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

■ मानस शक्ति केंद्र मरौद की कार्यकारिणी का हुआ गठन

मानस शक्ति केंद्र मरौद की कार्यकारिणी का गठन पंचायत भवन भाठागांव में अध्यक्ष दीपक गुहा के निर्देशन में किया गया। सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष रुद्रनाथ साहू अटंग, सहसचिव हेमराज भार्गव मरौद, महामंत्री रोहित दीवाना राखी, प्रचार सचिव रुहेला राम साहू भाठागांव, घनश्याम सेन कोड़ेबोड़, एस कुमार साहू सिवनीकला, केआर साहू गातापार, मीटिंग प्रभारी लीलाराम यादव गोबरा, मकसूदन पटेल अटंग, थानुराम विश्वकर्मा गोबरा, सलाहकार खूबलाल साहू कोड़ेबोड़, शंकरलाल साहू परसवानी, पोखन साहू भाठागांव, रामनारायण चन्द्राकर राखी, नीलमणि साहू गातापार सहित कार्यकारिणी सदस्यों में सभी मंडली के प्रमुख सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक पुरानिक राम साहू अछोटी, बिसहतराम साहू नवागांव, प्यारेलाल साहू मरौद, लिखन लाल साहू भांठागांव, फत्तेलाल तारक अटंग, सचिव पुष्पा चंद्राकर भाठागांव, नेतराम साहू गोबरा कोषाध्यक्ष ने किया।

मौके पर अध्यक्ष दीपक गुहा ने कहा कि मानस शक्ति केंद्र केवल व्यक्ति केंद्र न होकर भक्ति केंद्र के रुप में संचालन हो। उन्होंने सभी सदस्य से आयोजनों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस दौरान कुछ सख्त निर्णय भी लिया गया। मानस शक्ति केंद्र मरौद का आगामी कार्यक्रम होली मिलन गोबरा, श्री रामनवमी अटंग, तुलसी जन्मोत्सव राखी, दीपावली मिलन नवागांव में होगा।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों के साथ किया भोजन

**धमतरी।** बाल दिवस पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना संचालित जिले की शालाओं में जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यों और अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोजन में जिले के 1296 स्कूलों के कुल 61 हजार 469 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहेरा में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। बच्चों के लिए खेलकूद एवं विभिन्न कार्यक्रम हुए। बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। संकुल केंद्र मोहेरा के शासकीय प्राथमिक शाला मोहेरा, शासकीय प्राथमिक शाला कमारपारा, शासकीय प्राथमिक शाला कुकरीनाला, शासकीय प्राथमिक शाला निरई, शासकीय प्राथमिक शाला घिकुड़िया, शासकीय प्राथमिक शाला सरईभदर में बाल दिवस एवं न्योता भोज का कार्यक्रम मनाया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रूद्री में न्योता भोज कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम एवं सहायक संचालक लीलाधर चौधरी ने बच्चों को सेव, केला एवं मिठाई का वितरण किया।

## प्राचार्य ने छात्रों को जीवन में एनसीसी का बताया महत्व



■ एनसीसी दिवस पर रोपे गए एक पेड़ मां के नाम पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

27 छग बटालियन रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं आशासकनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आदीप के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर के नेतृत्व में एनसीसी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा प्राचार्य को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. मिश्रा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को जीवन में एनसीसी का महत्व बताया। कहा कि महाविद्यालयीन जीवन में छात्रों हेतु पाठ्येत्तर गतिविधि में एनसीसी पहले क्रम में हैं। भोजराज चंद्राकर ने बताया कि एनसीसी कैडेट वह चुने हुए छात्र हैं जो सामान्य की भीड़ से अलग ही नजर आ जाते हैं। आज के वातावरण में एनसीसी के छात्र अनुपातिक रूप से ज्यादा सफल होते हैं। एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के रेडक्रास एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक मेडिकल अस्पताल, कुरूद द्वारा रक्तदान करवाया गया। एचडीएफसी बैंक धमतरी शाखा द्वारा रक्तदान करने वालों को फल एवं एनर्जी ड्रिंक का वितरण किया गया। कुल 27 यूनिट रक्तदान किया गया।

### छात्रों ने सीखा फायर सेफ्टी चलाना

**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय भाठागांव के एनएसएस विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी की जानकारी दी गई। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता ओमप्रकाश कुर्रे ने स्वयंसेवकों को फायर सेफ्टी चलाना और सावधानियों के बारे में बताया।

## निधन

### लीलाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम हसदा निवासी लीलाराम साहू का आकस्मिक निधन 21 नवम्बर गुरुवार को हुआ। वे पत्नी नर्मदा साहू, पुत्र फनेंद्र साहू, पौत्र प्रशांत साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, मानस डेली नीड्स के सामने, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336



एनएसएस शिविर में पुलिस ने छात्रों को दी साइबर अपराध की जानकारी

# अपने बैंक अकाउंट की गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर ग्राम राजपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। चतुर्थ दिवस एकेश्वर साहू ने योग, व्यायाम, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। बौद्धिक परिचर्चा में मगरलोड थाना के प्रधान आरक्षक जैतराम जोगी, आरक्षक सुखलाल ,राकेश साहू ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी दी।

पुलिस टीम ने बताया कि समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी न दें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। वे उनकी निजी फोटो, बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं आमजन अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से साझा करने से बचें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला साहू, दीपक कश्यप एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करें

- शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सिहावा विधायक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



शिक्षक संघर्ष मोर्चा ब्लॉक शाखा नगरी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सिहावा विधानसभा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक शैलेंद्र कौशल, एसबी मिर्जा ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर किया जाए। पदोन्नति से वंचित शिक्षकों को कमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए शिक्षकों को समस्त लाभ प्रदान किया जाए। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका का शासन स्तर पर निराकरण किया जाए। 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। इन विषयों को लेकर सिहावा विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने समस्याओंको हल करने का हरसंभव भरोसा दिलाया। इस अवसर पर शिक्षकगण एस बी मिर्जा, शैलेंद्र कौशल, टीकम सिन्हा, महेश कोसरे, अश्वनी बंधु उपस्थित थे।

## झाझरकेरा में रासेयो शिविर का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 23 से 29 नवंबर तक ग्राम झाझरकेरा में आयोजित किया गया है। यूथ फॉर माय भारत यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम को लेकर शिविर का आगाज किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। परियोजना कार्य अंतर्गत आवास स्थल की सफाई, माध्यमिक विद्यालय परिसर की सफाई, गलियों की सफाई, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया जाएगा। बौद्धिक परिचर्चा में फसल चक्र परिवर्तन, करियर गाइडेंस एवं व्यक्तित्व विकास तथा पशुपालन एवं रखरखाव, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, साइबर क्राइम एवं कानून व्यवस्था तथा नैतिक शिक्षा, नशा मुक्ति पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम सिन्हा व विशिष्ट अतिथि हृदय राम साहू, राधेश्याम सिन्हा, मानसिंह नेताम, ओमप्रकाश सिन्हा, दिलीप साहू, अनुज सेन, गोपाल, मनीष साहू, नीलकमल गंजीर, रामायण थे।

## डामेश्वर बने बोरसी सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

डामेश्वर सिन्हा पिता दुजेन्द्र सिन्हा को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बोरसी का प्राधिकृत अधिकारी गया है। रविवार को उन्होंने कार्यभार पद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री यवन साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य भवानी यादव, कृषकगण सुदर्शन सिन्हा, नोहर निषाद, चंदूलाल निषाद, प्यारे यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



खबर संक्षेप



## पार्षद राजेन्द्र शर्मा ने मितानिन सायरा का किया सम्मान

**धमतरी।** 23 नवंबर को विश्व अंतर्राष्ट्रीय मितानिन दिवस मनाया गया। शहर के 40 वार्डों में भी 104 मितानिनों के साथ 10 मितानिन प्रेक्षक क्षेत्र की विभिन्न ग्रामों से आकर अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र से आकर आंबेडकर वार्ड, बांसपारा, पोस्ट ऑफिस तथा मराठापारा में अपनी सेवाएं देने वाली सायरा खान का पार्षद राजेंद्र शर्मा ने सम्मान किया। मौके पर श्री शर्मा ने कहा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य की सुरक्षा प्रदान करना मितानिन द्वारा ही संभव है। यह समाज के रक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। इस दौरान कुलेश सोनी, पिंटू यादव, मुकेश शर्मा, केवल साहू ,लक्ष्मण गौतम उपस्थित थे।

## बच्चों के सिर पर परीक्षा तब शिक्षक सीखेंगे पढ़ाई के तरीके

- प्रशिक्षण कहीं औपचारिकता बनकर न रह जाए : रोहित

**धमतरी।** एक ओर दिसंबर के पहले सप्ताह में हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो रही है वहीं दूसरी ओर नवम्बर के अंतिम सप्ताह से शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। इससे परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकता है। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय व छत्तीसगढ़ विद्यालयीन शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव रोहित साहू ने बताया कि जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान नगरी द्वारा 25 नवम्बर से हाईस्कूल व हायरसेकंडरी के व्याख्याताओं का सात दिवसीय विषय आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है जो जनवरी माह तक चलेगा जबकि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में मासिक मूल्यांकन, अर्धवार्षिक परीक्षा व जनवरी माह में प्री बोर्ड परीक्षा होनी है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराएं या फिर प्रशिक्षण को प्राथमिकता दें। उन्होंने शिक्षा विभाग से जून-जुलाई में प्रशिक्षण का आयोजन करने की मांग की है ताकि इसका लाभ शिक्षक व विद्यार्थियों को मिल सके।

## गट्टासिल्ली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नगरी।** गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल गट्टासिल्ली के संचालक आकाश नेताम के मार्गदर्शन में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक का आनंद लिया फरसियां में मां महामाई की पूजा-अर्चना कर विभिन्न खेलकूद का आनंद लिया। क्रिकेट, पिट्ठुल, रस्साकसी जैसे खेलों का रोमांच रहा। कार्यक्रम के अतिथि नीरज सोन प्राचार्य फरसियां स्कूल के माध्यम से बच्चों को श्रृंगी ऋषि, मां महामाई और महानदी के उद्गम की कहानी सुनाई गई।

### इतवारी बाजार अपडेट : मुनगा 200, देशी सेमी 100 तो भिंडी, गोभी, परवल 60 रुपए किलो बिका

# ठंड के मौसम में हरी सब्जियों का बाजार गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शीत ऋतु के आगमन के साथ पौष्टिकता से भरी हरी सब्जियां मार्केट पहुंच जाती हैं। इस सीजन में दाम भी अमूमन कम ही रहता है लेकिन अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। बाजार में हरी सब्जियों के दाम में आग लगी हुई है। वजह चाहे जो भी हो लेकिन उपभोक्ताओं के पसीने छूट रहे हैं। भाव सुनकर खरीदने की हिममत नहीं हो रही है। बीते नवंबर - दिसंबर माह में गोभी, टमाटर, पालक, भिंडी जैसी सब्जियां 10 से 15 रूपए किलो बिकी थी। अब यह सब्जी 40-50 से 80-100 रूपए किलो बिक रही है। मौसमी सब्जियों के दाम सुनकर लोग चौंक रहे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई दी। लेकिन सब्जियों के रेट अधिक होने से निराश नजर आए। महंगी होने की वजह से खरीदारी कम की। कुछ ग्राहक ऐसे थे जो रेट पूछकर आगे बढ़ते गए। सब्जी विक्रेता केशलाल सोनकर, धनंजय सोनकर ने बताया कि रविवार को मुनगा 200 रूपये किलो बिका। सेमी, ढेंस, हरा धनिया, अदरक 100 रूपए किलो बिका। भिंडी, ग्वारफल्ली, गोभी, तोराई, शिमला



### रिफाइंड तेल 140 रुपए पाउच

सब्जी की तुलना में इस सप्ताह किराना सामाना के दाम स्थिर रहे। कुछ सामान के रेट कम हुए हैं तो कुछ का रेट ही नहीं बढ़ा है। प्याज की नई फसल आने से रेट 10 रूपए घटा है। नया प्याज 50 में तो पुराना प्याज 60 रूपए किलो बिका। आलू माह भर से 40 रूपए किलो बिक रहा है। रिफाइंड तेल 140 रूपए प्रति पाउच बिका रहा है। इसमें 5 से 10 रूपए की बढ़ोतरी हुई है। किराना व्यापारी देवजी भाई ने बताया कि इस सप्ताह शक्कर 42, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसुन 360, सरसो 75, मेथी 80, राहरदाल 120-160, मूंगदाल 110, उड़ददाल 120, मसूरदाल 85, काबुली चना 120-140, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 100 रूपए किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 80 रूपए दर्जन रहा।

मिर्च, परवल, नवलगोल 60 रूपए प्रति किलो बिका। गाजर, कुंदरू, करेला, बरबट्टी, हरा मिर्च, डोड़का 50 रूपए किलो रहा। भटा, कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, कोचई 40 रूपए किलो बिका। मूली, लौकी, 20 रूपए किलो रहा। लालभाजी, पालक, प्याजभाजी, चौलाई 40 से 60 रूपए किलो बिकी।

## तिलक लगाकर किया मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मितानिन दिवस पर विंध्यवासिनी वार्ड की मितानिन जयश्री शर्मा, सरस्वती सोनकर, सोनम कुंभकार, धनेद्री सोनकर का सम्मान वार्ड पार्षद कमलेश सोनकर व वार्ड की महिलाओं द्वारा तिलक लगाकर, साड़ी व श्रीफल प्रदान कर किया गया। मौके पर तारा बाई, मोहिनी, कुमारी बाई राजपूत, पंचबती साहू, रोहिणी, मंजु ध्रुव, लता पटेल, योगेश्वरी, रवि यादव समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।


## अछोटावासियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

- सांसद रूपकुमारी की पहल पर मिलेगा पीएम आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सांसद रूपकुमारी चौधरी भाजपा सदस्यता अभियान पर ग्राम अछोटा पहुंची थी। इस दौरान ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को अछोटा में एक भी पीएम आवास न मिलने से अवगत कराया। सांसद ने इसे गंभीरता से लेकर तत्काल ही उच्च अधिकारियों को बात की और इस समस्या का निवारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

22 नवंबर को आयोजित दिशा की बैठक में सांसद रूपकुमारी ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अछोटा में पीएम आवास निर्माण कार्य में आ रही समस्या का समाधान किया। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और रेस्टहाउस पहुंचकर सांसद श्रीमती रूप कुमारी और कांकेर सांसद भोजराज नाग का सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि वह जनसेवा को ही अपना धर्म मानती हैं। मौके पर उपसरपंच अवनीश देवांगन, धनुष साहू, सोहन यादव, गैंदलाल ढीमर, कैलाश देवांगन, दिलीप देवांगन, सागर निषाद, तोरण यादव, राजेश यादव, महेश यादव, झुमुक उईके, डोमन देवांगन, पीयूष देवांगन उपस्थित थे।



## विकसित भारत, युवाओं की ऊर्जा पर फोकस रही मन की बात : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश की जनता से जुड़ने का प्रयास माह के अंतिम रविवार को किया जाता है। 116वें एपिसोड में श्री मोदी द्वारा विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने का लक्ष्य स्पष्ट दिखाई दिया जब उन्होंने एनसीसी दिवस के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक रूप से देश के लिए तैयार करने की बात कही। इसके साथ ही 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर भारत मंडपम में युवाओं पर केंद्रित कार्यक्रम की घोषणा कर यह बताया कि विकसित भारत की नई ताकत युवाओं की ऊर्जा तथा उनका सुनहरा भविष्य है। मन की बात को श्रवण करने के बाद भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत में युवाओं की ऊर्जा को संरक्षित, संवर्धित कर एक नई दिशा देने की सार्थक पहल साबित होगी। पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का अपनी जनता के प्रति जवाबदारी का निर्वहन महत्वपूर्ण दायित्व है।



## कालेज की एनएसएस छात्राओं ने बिरेतरा के ग्रामीणों में स्वच्छता की अलख जगाई

- बिरेतरा में कन्या महाविद्यालय के एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन व राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रभारी रोली जांगड़े के निर्देशन में विशेष शिविर ग्राम बिरेतरा में आयोजित हुआ। शिविर के छठवें दिन एनएसएस छात्राओं ने शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती उषा भीखम साहू थी। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच डॉ विनेश्वर साहू थे। शिविर प्रभारी रोली जांगड़े ने शिविर की दैनिक दिनचर्या की जानकारी दी। सरपंच उषा भीखम साहू ने कहा कि एनएसएस की छात्राओं के द्वारा गांव में स्वच्छता की अलख जगाई गई। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि युवा शक्ति देश को आगे बढ़ाने में अग्रिम भूमिका निभाते हैं। डॉ विनेश्वर साहू ने बताया कि एनएसएस छात्रों को व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से विकसित होने में मदद करता है। एनएसएस की गतिविधियों से स्वयंसेवकों को आत्मविश्वास मिलता है। नेतृत्व कौशल विकसित होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ रोहिणी मरकाम, डॉ जेएल पाटले, राजेश जांगड़े, मधुमाधव देव, रामचंद्र सोनी, सुषमा साहू, गीतांजलि टण्डन, क्रीड़ा अधिकारी डॉ चंद्रशेखर बांधे व ग्रामीण नरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, मुरहा राम साहू, खिल्लू राम साहू, सिया राम पटेल, कंसू साहू,गुहन यादव, अजीत राम, वीरु पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सतीश साहू व आभार प्रदर्शन दानेश्वर साहू ने किया।



## आयुक्त ने सड़क पर सफाई व्यवस्था को परखा, महिला सफाईकर्मी से की बातचीत

- आयुक्त ने समस्याएं सुन समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने सिहावा चौक के निरीक्षण के दौरान सड़क पर झाड़ू लगा रही एक महिला सफाई कर्मचारी से संवाद किया। आयुक्त ने न केवल उसकी मेहनत की सराहना की बल्कि उसकी समस्याओं को भी ध्यान से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। आयुक्त ने महिला कर्मचारी के काम को बेहद सटीक और समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि आप जैसे कर्मठ कर्मचारी ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयुक्त की तारीफ सुनकर महिला कर्मचारी के चेहरे पर खुशी झलकने लगी। बातचीत के दौरान महिला कर्मचारी ने सफाई कार्य में आ रही चुनौतियों को साझा किया, जिनमें उपकरणों की कमी और अन्य सुविधाओं का अभाव शामिल था। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी जरूरतें प्राथमिकता के साथ पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़क पर सफाई व्यवस्था को परखा और नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है और सभी को उनका सम्मान करना चाहिए।



## दंत प्रत्यारोपण शिविर में 20 हितग्राहियों का डेंटल सेट लगा

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 5 मरीजों का पूर्ण दन्त प्रत्यारोपण एवं 27 मरीजों का आंशिक दन्त प्रत्यारोपण करने के लिए पूर्व में मरीजों का चिन्हांकित किया गया, जिसके तहत सिविल अस्पताल नगरी में 15 अक्टूबर को निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें 22 लोगों की मैपिंग की गई थी। इसके बाद शुक्रवार को आयोजित प्रत्यारोपण शिविर में 22 में से 20 हितग्राहियों का निःशुल्क डेंटल सेट लगाया गया। यह जिले में अपने तरह का पहला कैम्प है, जिसमे इतनी अच्छी सुविधा सामान्य जनमानस को निःशुल्क प्रदान की गई है। शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ. सिद्धार्थ ठाकुर, डॉ. महेन्द्र अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल, डॉ दीपिका साहू सहित डेंटल कॉलेज के इंटर्न स्टाफ उपस्थित थे।







### वेतनवृद्धि और प्लेसमेंट प्रथा को समाप्त करने पर अड़े

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम और नगर पंचायत में प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शहर की आवश्यक सेवाओं पर गहरा असर पड़ा है। सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। रविवार को भी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि और प्लेसमेंट प्रथा समाप्त कर निगम में समायोजन शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से अस्थायी रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें स्थायी नौकरी का लाभ नहीं मिला है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया, तो वे आंदोलन को और तेज कर देंगे। संघ के नेताओं का कहना है कि उनकी मांगें जायज हैं और उन्हें पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

### आवश्यक सेवाएं ठप, जनता परेशान

हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कचरे का ढेर लगने से शहरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था और अन्य नगर सेवाओं पर भी इसका असर पड़ा है।

#### आज करेंगे हवन

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं होती है तो वे बड़ा कदम उठा सकते हैं। यह आंदोलन अब केवल धमतरी तक सीमित नहीं रहेगा। अगर उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया, तो पूरे राज्य में आंदोलन को फैलाने की योजना बनाई जा सकती है। सोमवार को हवन का आयोजन किया जाएगा।

#### आंदोलन को मिल रहा समर्थन

रविवार को अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी धमतरी की आवश्यक सेवाओं का आधार है। सरकार को इनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

